दिन–शनिवार

दिनांक– 01/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. बारह लाख रूपये तक आमदनी वाले लोगों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने संसद में बजट पेश करते हुए ये घोषणा की।

02. केंद्रीय बजट में बिहार के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं। मखाना बोर्ड का होगा गठन। तीन नये हवाई अड्डों का भी होगा निर्माण।

03. बजट में रेलवे के लिए दो लाख बावन हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया।

04. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट को हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बताया।

05. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत उद्योग जगत और आम लोगों ने बजट में बिहार के लिए किये गये प्रावधानों का स्वागत किया।

---

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज वित्तीय वर्ष, दो हजार पच्चीस –छब्बीस का आम बजट पेश किया। एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण और अपना लगातार आठवां बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा बजट का लक्ष्य विकास में तेजी लाना, समावेशी विकास सुनिश्चित करना, निजी क्षेत्र के निवेश में वृद्धि और मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता बढ़ाना है।

---

केन्द्रीय बजट में आयकरदाताओं को बड़ी राहत दी गयी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि अब बारह लाख रूपए की व्यक्तिगत आय पर कोई कर नहीं देना होगा।

–––बाइट–––

नये टैक्स रिजिम के तहत बारह लाख रूपये तक की आमदनी वाले लोगों को बजटीय घोषणा से साठ हजार रूपये तक का फायदा होगा। वहीं, नौकरी–पेशा लोगों को पचहत्तर हजार रूपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन भी मिलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि अब लोग चार वर्ष का इनकम टैक्स रिटर्न एक साथ भर सकते हैं।

बजट में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्रोत पर कर कटौती यानि टीडीएस पचास हजार रूपए से बढ़ाकर एक लाख रूपये करने की घोषणा की गयी है। वहीं, वित्त मंत्री ने बजट में आयकर के नए स्लैबों की भी घोषणा की।

---

बजट में बिहार के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये हैं। बिहार की पहचान मधुबनी पेटिंग वाली साड़ी पहनकर बजट पेश करने पहुंची वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने सतहत्तर मिनट के भाषण में नौ बार बिहार का जिक्र किया। ब्यौरा हमारे संवाददाता से..

———रिपोर्ट———

वित्त मंत्री ने राज्य में मखाना के उत्पादन, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार के लिए मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा की है। इस बोर्ड के बनने से मखाना के उत्पादन से लेकर उसकी बिक्री तक के लिए नीति का निर्माण होगा, जिससे किसान फायदे में रहेंगे। बोर्ड बनने से मखाना उत्पादन को लेकर चल रही विभिन्न योजनाएं एकीकृति हो जायेंगी। बजट में पूर्वोदय योजना के तहत बिहार में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंड मैंनेजमेंट की स्थापना की घोषणा की गई है। इस संस्थान की स्थापना से बिहार के साथ–साथ पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे राज्य भी लाभान्वित होंगे। यहां किसानों के साथ–साथ युवाओं को भी तकनीकी रूप से दक्ष किया जाएगा। वित्त मंत्री ने आईआईटी, पटना में छात्रावास और अन्य बुनियादी सुविधाओं में विस्तार का बजट में प्रावधान किया गया है। इससे आईआईटी, पटना की सीटों की संख्या बढ़कर पांच हजार के आस–पास हो जाएगी। बजट में तीन ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा पटना और बिहटा ब्राउनफील्ड एयरपोर्ट का विस्तार किया जाएगा। वहीं, इस बजट में पश्चिमी कोसी नहर–ईआरएम परियोजना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की गयी है। इससे सिंचाई की सुविधा बेहतर होगी। बाढ़ नियंत्रण में मदद मिलेगी और बिजली उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं अभिषेक दास।

---

बजट में किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण सीमा तीन लाख रूपए से बढ़ाकर पांच लाख रूपए करने का प्रस्ताव किया गया है। कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और किसानों को ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए चुने हुए सौ जिलों में प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना शुरू करने की भी घोषणा की गयी है।

---

वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए कैंसर समेत अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित रोगियों को राहत देने के लिए छत्तीस जीवन रक्षक औषधियों और दवाओं को बुनियादी सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट देने का प्रस्ताव रखा गया है।

---

केंद्रीय बजट में रेलवे के लिए दो लाख बावन हजार करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस आवंटन का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे रेलवे के विकास को गति मिलेगी।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय बजट, दो हजार पच्चीस–छब्बीस एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संसद में बजट पेश किए जाने के बाद अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बजट भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस बजट से देश के मध्यम वर्ग को बहुत लाभ होगा क्योंकि बारह लाख रुपये तक की आय को कर मुक्त कर दिया गया है।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय बजट को सकारात्मक और प्रगतिशील बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में बिहार के लिए जो घोषणाएं की गयी हैं, उससे राज्य के विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि केंद्रीय बजट में बिहार के लिए किये गए प्रावधान ऐतिहासिक हैं और यह बिहार के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

———बाइट———

---

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि केंद्रीय बजट में बिहार प्रथम, बिहारी प्रथम की सोच को धरातल पर उतारा गया है।

———बाइट———

---

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि यह बजट देश के विकास का बजट है।

———बाइट———

---

उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने आम बजट की प्रशंसा की है। बिहार इंडस्ट्रीज एसोशियएसन के अध्यक्ष महेश जालान ने कहा कि बजट में उद्योग क्षेत्र के लिए कई प्रावधान किये गये हैं।

———बाइट———

बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सुभाष पटवारी ने कहा कि केंद्रीय बजट से एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

———बाइट———

---

बिहार के लोगों ने बजट की खुले दिल से सराहना की है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कुछ लोगों ने अपने विचार रखे।

———वॉक्सपॉप———

---

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बजट में मखाना के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा से किसानों को फायदा होगा।

———बाइट———

बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा से राज्य के मखाना उत्पादकों की एक पुरानी मांग पूरी हुई है।

———बाइट———

मखाना अनुसंधान केंद्र, दरभंगा के वैज्ञानिक मनोज कुमार ने मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा को एक महत्वपूर्ण नीतिगत फैसला बताया है।

———बाइट———

---

राजद के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि केंद्रीय बजट में बिहार के लिए कुछ भी खास नहीं है।

———बाइट———

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. बारह लाख रूपये तक आमदनी वाले लोगों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने संसद में बजट पेश करते हुए ये घोषणा की।

02. केंद्रीय बजट में बिहार के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं। मखाना बोर्ड का होगा गठन। तीन नये हवाई अड्डों का भी होगा निर्माण।

03. बजट में रेलवे के लिए दो लाख बावन हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया।

04. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट को हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बताया।

05. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत उद्योग जगत और आम लोगों ने बजट में बिहार के लिए किये गये प्रावधानों का स्वागत किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।